# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. सागर से महासागर का विज़न दो हजार सैंतालीस तक भारत को बनाएगा समुद्र की महाशक्ति। गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया मेरीटाइम वीक का शुभारंभ किया।
2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी तकनीक की सफलता ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाई।
3. सुनामी और चक्रवात जैसी आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन निदेशालय करेगा मॉक एक्सासाइज़।
4. शहरी गरीब समुदाय की व्यवसायिक और आवासीय सुरक्षा के लिए दीन दयाल जन आजीविका योजना (शहरी) के लिए जन सम्पर्क अभियान शुरू हुआ।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज मुंबई में इंडिया मेरीटाइम वीक – दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया। गृहमंत्री ने कहा कि भारत का समुद्री क्षेत्र वैश्विक शक्ति बनने के लिए तैयार है, और इसकी ग्यारह हजार किलोमीटर लंबी समुद्र तट रेखा, तेरह तटीय राज्य, और तेइस दशमलव सात लाख वर्ग किलोमीटर का एक्सक्लूजिव इकॉनोमिक जोन इसे वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक बनाता है। उन्होंने बताया कि इंडियन ओशिन रीजन के अड़तीस देशों का वैश्विक निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है, और भारत इस क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दे रहा है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने मेरीटाइम विजन, सागरमाला और ब्लू इकॉनोमी जैसी योजनाओं के तहत

समुद्री उद्योग को नया दिशा दी है। उन्होंने भारत की समुद्री नीति में 'महासागर' का भी उल्लेख किया, जिसके दो हजार सैंतालीस तक भारत को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाने का लक्ष्य है। इस सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधि, तीन सौ पचास से अधिक स्पीकर और पांच सौ कंपनियां भाग ले रही हैं, इस कार्यक्रम से दस लाख करोड़ रुपये के निवेश के अवसर उत्पन्न होंगे। इसके अलावा ग्रीन मेरीटाइम फ्यूचर और पर्यावरणीय संतुलन पर भी जोर दिया गया है। गृह मंत्री श्री शाह ने यह भी बताया कि सागरमाला परियोजना के तहत आठ सौ उनतालीस परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है, जिनमें से कई पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश के रक्षा विनिर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ रही है। श्री सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात अब रिकॉर्ड तेईस हजार पांच सौ करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। नई दिल्ली में एस आई डी एम वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक में देश का घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़कर रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और इसमें निजी क्षेत्र का 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा, "हालांकि हमने दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया और हमारी सेनाएं देश की सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं, फिर भी हमें आत्म–निरीक्षण करना जारी रखना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर एक केस स्टडी के रूप में काम करना चाहिए जिससे हम सीख सकें और अपनी भविष्य की दिशा तय कर सकें। इस घटना ने हमें एक बार फिर दिखाया है कि हमारी सीमाओं पर, कहीं भी,

कभी भी कुछ भी हो सकता है। हमें युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना होगा और हमारी तैयारी हमारे अपने आधार पर होनी चाहिए।”

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड अम्बेसडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चंदर लाल ने आज मिनी बे स्थित नेवी चिल्ड्रन स्कूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए विद्यालय परिसर एवं समुदाय में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद में भाग लेने और अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन उनकी पुरस्कृत फीचर फिल्म “गांधी द महात्मा” के प्रदर्शन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

नई दिल्ली और अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के संयुक्त प्रयास से पाँच नवम्बर को अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह और भारत के पूर्वी तट पर सुनामी एवं चक्रवात आपदा पर अंतर–राज्यीय मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास श्री विजयपुरम् स्थित आपदा प्रबंधन निदेशालय में वीडियो कॉफ्रेसिंग में सचिव (आपदा प्रबंधन) की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी स्थानीय निकायों के सहयोग से मिशन D–JAY(S) के तहत एक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। इस मिशन का उद्देश्य शहरी गरीब समुदायों की व्यावसायिक, सामाजिक और आवासीय असुरक्षाओं का समाधान करना है। मिशन के तहत छह संवेदनशील

व्यावसायिक समूहों — घरेलू, कचरा प्रबंधन, निर्माण, गिग, केयर और परिवहन कार्यकर्ताओं — पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मिशन का लक्ष्य इन समुदायों को रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं और नवाचार के माध्यम से सशक्त बनाना है। इन श्रेणियों में आने वाले निवासी श्री विजयपुरम नगर परिषद के शहरी गरीबी उन्मूलन प्रकोष्ठ से पंजीकरण एवं पात्रता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई, जब नरेंद्र मोदी सरकार ने कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती की। आज आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कृषि सामग्रियों के विक्रेता ने अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार रोलर स्केटिंग एसोसिएशन एक और दो नवंबर को आठवीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। यह प्रतियोगिता मरीना पार्क रोड, श्री विजया पुरम में शाम चार बजे से आठ बजे तक साई एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रायोजन में होगी। प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों के वर्ग के पहले तीन विजेता चेन्नई में आयोजित होने वाली तिरसठवीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करेंगे।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए टी.जी.सी.ई. में अतिथि संकाय के पैनल गठन के लिए वॉक–इन इंटरव्यू का आयोजन तीन नवम्बर को सुबह दस बजे किया जाएगा। ये इंटरव्यू विभिन्न विषयों की पाँच रिक्तियों के लिए किए जाएगे। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><>

दिल्ली तकनीकी शिक्षा बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फूड प्रोडक्शन और फ्रंट ऑफिस ऑपरेशंस ट्रेड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की बोर्ड परीक्षाएं अगले वर्ष मई–जून में आयोजित की जाएंगी। केवल 2022–23 सत्र से आगे के बैकलॉग अभ्यार्थी अटठाईस अक्टूबर से तेरह नवम्बर के बीच होटल मैनेजमेंट विभाग, डी.बी. आर.ए.आई.टी.से संपर्क कर पाँच सौ रुपये परीक्षा शुल्क के साथ पंजीकरण करा सकते हैं। परीक्षा की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

<><><><><><><>

अखिल निकोबार टेरिटोरियल कांग्रेस कमेटी की प्रचार समिति के अध्यक्ष टी. एस.जी. भास्कर ने पच्चीस अक्टूबर को रंगत बाजार में हुए अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया हैं। मुख्य सचिव को लिखे एक पत्र में श्री भास्कर ने पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित व्यापारियों और परिवारों को तत्काल राहत और सहायता प्रदान करने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएं।

<><><><><><><>